भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

भारिबैं/डीओआर/2025-26/159

डीओआर.एसटीआर.आरईसी.सं.78/21.04.048/2025-26 28 नवंबर 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक – क्रेडिट जोखिम का अंतरण और वितरण) निदेश, 2025

विषय-सूची

अध्याय I – प्रारंभिक 2

भाग ए- ऋण एक्सपोज़र का अंतरण 4

अध्याय I- व्यापकता और परिभाषाएं 4

अध्याय II – सभी ऋण अंतरण के लिए लागू सामान्य शर्तें 9

अध्याय III – ऋणों का अंतरण जिनमे चूक नहीं हैं 13

अध्याय IV – दबावग्रस्त ऋणों का अंतरण 19

भाग बी- सह-उधार व्यवस्था(सीएलए) 30

अध्याय I- व्यापकता और परिभाषाएं 30

अध्याय II – विवेकपूर्ण मानदंड 31

भाग सी- अन्य प्रकार के उधार और जोखिम अंतरण की व्यवस्था 36

अध्याय I – संघीय/बहु बैंकिंग व्यवस्थाएं के तहत ऋण 36

अध्याय II – अंतर-बैंक सहभागिता 37

अध्याय III – उधारकर्ता के अनुरोध/मामले पर उधारकर्ता के खातों का अंतरण 40

भाग डी: निरसन और बचत 41

अनुबंध I 43

अनुबंध II 46

अनुबंध III 53

परिचय

ऋण देने वाली संस्थाओं द्वारा ऋण जोखिम का अंतरण और वितरण कई कारणों से किया जाता है, जिनमें चलनिधि प्रबंधन से लेकर एक्सपोज़र का पुनर्संतुलन अथवा रणनीतिक बिक्री शामिल हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक ऋण एक्सपोज़र के अंतरण, सह-ऋण व्यवस्थाओं, अंतर-बैंक भागीदारी, संघीय व्यवस्था और अन्य पर निदेशों/दिशानिर्देशों द्वारा इसके विकास की दिशा में कई कदम उठा रहा है। इस संबंध में, रिज़र्व बैंक ने ऋण जोखिम अंतरण और वितरण के विभिन्न तरीकों को शामिल करते हुए विनियामक दिशानिर्देशों का एक व्यापक, स्व-निहित सेट जारी किया है। तदनुसार, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 21 और 35ए द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, रिज़र्व बैंक इस बात से संतुष्ट होकर कि ऐसा करना जनहित में आवश्यक और समीचीन है, एतद्द्वारा विनिर्दिष्ट निदेश जारी करता है।

अध्याय I - प्रारंभिक

ए. संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभ

1. इन निदेशों को भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक - क्रेडिट जोखिम का अंतरण और वितरण) निदेश, 2025 कहा जाएगा।
2. यह निदेश भारतीय रिज़र्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर डाले जाने के दिन से प्रभावी होंगे।

बशर्ते, भाग बी के तहत निदेश 01 जनवरी, 2026 से अथवा किसी भी पूर्व की तारीख से लागू होंगे, जैसा कि बैंक द्वारा अपनी आंतरिक नीति ("प्रभावी तिथि") के अनुसार तय किया गया है। प्रभावी तिथि के बाद दर्ज की गई कोई भी नई सह-उधार व्यवस्था (सीएलए) भाग बी के तहत निदेशों के अनुपालन में होगी।

बशर्ते कि मौजूदा सीएलए (अर्थात्, 06 अगस्त 2025 से पूर्व निष्पादित ऋण व्यवस्था) और प्रभावी तिथि से पहले दर्ज किए गए नए सीएलए मौजूदा नियमों के अनुपालन में होंगे।

बी. प्रयोज्यता

3. यह निदेश वाणिज्यिक बैंकों (जिसे आगे से 'बैंक' के रूप में संदर्भित) पर लागू होंगे।

इन निदेशों के प्रयोजन के लिए, 'वाणिज्यिक बैंकों' का अर्थ बैंकिंग कंपनियों (लघु वित्त बैंकों, भुगतान बैंकों और स्थानीय क्षेत्र के बैंकों को छोड़कर), संबंधित नए बैंक और भारतीय स्टेट बैंक से है, जैसाकि

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 5 के खंड (सी), (डीए), और (एनसी) के तहत क्रमशः परिभाषित किया गया है।

सी. परिभाषाएं

4. इस निदेश के संबंधित भागों में शर्तों को परिभाषित किया गया है।
5. अन्य सभी अभिव्यक्तियां, जब तक कि संबंधित भागों में परिभाषित नहीं किया गया है, का वही अर्थ होगा जो उन्हें बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 अथवा उसके किसी सांविधिक संशोधन अथवा पुन: अधिनियमन अथवा किसी अन्य सुसंगत विनियमन अथवा वाणिज्यिक भाषा में, जैसा भी मामला हो, के अंतर्गत उन्हें दिया गया है। ।

भाग ए - ऋण एक्सपोज़र का अंतरण

6. ऋण अंतरण एक ऋण जोखिम बाजार के विकास के लिए आवश्यक है, जो वित्तीय क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले ऋण जोखिम के विविधीकरण को सक्षम करता है और निवेशकों के एक विविध समूह के लिए बाजार-आधारित ऋण उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करता है, जिनके पास आनुपातिक क्षमता और जोखिम उठाने की क्षमता है।

अध्याय I - व्यापकता और परिभाषाएं

ए. प्रयोज्यता और उद्देश्य

7. बैंक केवल पैरा 13 (4) में ऋणदाता के रूप में विनिर्दिष्ट अंतरणकर्ता से ऋण प्राप्त करेंगे जब तक कि विशेष रूप से अनुमति न हो।
8. बैंकों की विदेशी शाखाओं को निम्नलिखित की अनुमति दी जाएगी:

(1.) एक वित्तीय इकाई जो एक बैंक के रूप में संचालित और मेजबान क्षेत्राधिकार में विनियमित हो, उससे केवल 'चूक मे नहीं' ऋण एक्सपोज़र प्राप्त करने की।

(2.) एक वित्तीय इकाई जो एक बैंक के रूप में संचालित और मेजबान क्षेत्राधिकार में विनियमित हो, उसको निवासी संस्थाओं से संबंधित 'चूक में' और 'चूक में नहीं' एक्सपोज़र को अंतरित करना।

(3.) एक इकाई जो मेजबान क्षेत्राधिकार में वित्तीय क्षेत्र के विनियामक द्वारा विनियमित हो, उसको अनिवासियों से संबंधित 'चूक में' और 'चूक में नहीं' एक्सपोज़र का अंतरण करना।

(4.) इन निदेशों के पैरा 27 के सख्त अनुपालन में ऐसे अधिग्रहण अथवा अंतरण होंगे।

9. कोई भी बैंक इस निदेश के भाग ए के तहत अनुमत और उसमें निर्धारित तरीके से ऋण अंतरण अथवा अधिग्रहण के अतिरिक्त कोई अन्य ऋण अंतरण अथवा अधिग्रहण नहीं करेगा।

स्पष्टीकरण: उपरोक्त प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक – प्रतिभूतिकरण लेनदेन) निदेश, 2025, बाह्य वाणिज्यिक उधार, व्यापार ऋण और संरचित बाध्यताएं पर 26 मार्च, 2019 को जारी मास्टर निदेश; गारंटी प्राप्त करना; अथवा भारिबैं के दिशानिर्देशों के अनुसार स्पष्ट रूप से अनुमति दिए गए उत्पाद; के प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना होगा।

10. भाग ए के निदेश बैंक द्वारा किए गए सभी ऋण अंतरणों पर लागू होंगे, जिसमें नवीकरण अथवा समनुदेशन के माध्यम से ऋण का अंतरण और ऋण भागीदारी शामिल है।

बशर्ते कि ऋण भागीदारी के अतिरिक्त अन्य ऋण अंतरण के मामलों में, ऋण का विधिक स्वामित्व अनिवार्य रूप से अंतरित आर्थिक हित की सीमा तक अंतरिती (ओं) को अंतरित किया जाएगा।

11. यह निदेश केवल ऋण अंतरण में अंतरणकर्ता अथवा अंतरिती के रूप में बैंकों पर लागू होंगे, जब तक कि पैरा 60 और 64 के अनुसार विशिष्ट अनुमतियों के अनुसार अंतरिती के रूप में संस्थाओं की अन्य श्रेणियों पर विशेष रूप से लागू न हों ।
12. पैरा 13(4) में उल्लिखित ऋणदाताओं तथा आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी), जो वित्तीय क्षेत्र की संस्थाएं भी हैं, के अतिरिक्त अन्य अंतरिती (ओं) के संबंध में, अंतरण के बाद आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान सहित विवेकपूर्ण मानदंड संबंधित वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों अर्थात भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण द्वारा निर्धारित संबंधित विनियामक फ्रेमवर्क के अनुसार होंगे।

बी.परिभाषाएं

13. इन निदेशों के भाग ए के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित परिभाषाएँ लागू होंगी:

(1) "ऋण वृद्धि" का अर्थ है एक संविदात्मक व्यवस्था जिसमें एक इकाई किसी लेन-देन के लिए अन्य पक्षों को कुछ हद तक अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती है ताकि उनके अधिग्रहित एक्सपोज़र के क्रेडिट जोखिम को कम किया जा सके;

(2) "चूक" का अर्थ है ऋण का भुगतान न करना (जैसा कि दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत परिभाषित किया गया है) जब ऋण का पूरा अथवा कोई भाग अथवा किस्त देय और देय हो गई है और देनदार अथवा कॉर्पोरेट देनदार द्वारा भुगतान नहीं किया जाता है, जैसा भी मामला हो;

बशर्ते कि नकद ऋण जैसी परिक्रामी सुविधाओं के लिए, चूक का अर्थ यह भी होगा कि उपर्युक्त पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, बकाया शेष राशि स्वीकृत सीमा से अधिक अथवा आहरण शक्ति, जो भी कम हो, 30 दिनों से अधिक समय तक लगातार शेष रहेगी।

(3) "आर्थिक हित" उन जोखिमों और पुरस्कारों को संदर्भित करता है जो जीवन में ऋण एक्सपोज़र के माध्यम से ऋण एक्सपोज़र से उत्पन्न हो सकते हैं;

(4) "ऋणदाताओं" में निम्नलिखित संस्थाओं का समूह शामिल होगा,

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक; क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक; स्थानीय क्षेत्र के बैंक; प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक; राज्य सहकारी बैंक/केंद्रीय सहकारी बैंक; अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान; लघु वित्त बैंक; आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) सहित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी)।

बशर्ते कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक; स्थानीय क्षेत्र के बैंक; और प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों/राज्य सहकारी बैंकों/केंद्रीय सहकारी बैंकों को इन निदेशों के भाग ए के अध्याय IV के तहत केवल ऋण अंतरणकर्ता के रूप में अनुमति दी गई है और किसी अन्य प्रकार के ऋण अंतरण में अंतरणकर्ता अथवा अंतरिती के रूप में अनुमति नहीं है।

(5) "ऋण भागीदारी" का अर्थ है एक लेन-देन जिसके माध्यम से अंतरणकर्ता ऋण अनुबंध के वास्तविक अंतरण के बिना ऋण एक्सपोज़र में अपने आर्थिक हित के सभी अथवा कुछ भाग को अंतरिती (ओं) को अंतरित करता है, और अंतरिती अंतरणकर्ता को अंतरित आर्थिक हित की सीमा तक निधि देता है जो मूलधन, ब्याज, शुल्क और अन्य भुगतानों के बराबर हो सकता है, यदि कोई हो, अंतरण समझौते के तहत;

बशर्ते कि ऋण भागीदारी के तहत आर्थिक हित का अंतरण केवल अंतरणकर्ता और अंतरिती (ओं) के बीच एक संविदात्मक अंतरण समझौते के माध्यम से होगा, जिसमें अंतरणकर्ता रिकॉर्ड पर ऋणदाता के रूप में शेष होगा।

बशर्ते कि ऋण भागीदारी के मामले में, अंतरिती (ओं) का एक्सपोज़र अंतर्निहित उधारकर्ता पर होगा, न कि अंतरणकर्ता पर। तदनुसार अंतरणकर्ता और अंतरिती (ओं) ऐसे अंतरण के पश्चात प्रत्येक के द्वारा धारित आर्थिक हित के आधार पर गणना किए गए अंतर्निहित उधारकर्ता के एक्सपोज़र के अनुसार पूंजी बनाए रखेंगे। अंतरण के बाद प्रावधान आवश्यकताओं सहित लागू विवेकपूर्ण मानदंड, उपरोक्त एक्सपोज़र निरूपण और परिणामी बकाया पर आधारित होंगे।

(6) "न्यूनतम धारित अवधि (एमएचपी)" का अर्थ है न्यूनतम अवधि जिसके लिए एक अंतरणकर्ता को अंतरिती को अंतरित करने से पहले ऋण एक्सपोज़र को धारण करना चाहिए;

(7) "निवल बही मूल्य(एनबीवी)" का अर्थ है ऋण एक्सपोज़र की वित्त पोषित बकाया राशि जो की ऐसे एक्सपोज़र पर बनाए हुए विशिष्ट प्रावधानों से कम किए गए हो ;

(8) "अनुमत अंतरिती" का अर्थ नीचे विनिर्दिष्ट ऋणदाताओं से है:

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान (नाबार्ड, एनएचबी, एक्जिम बैंक, सिडबी और एनएबीएफआईडी), लघु वित्त बैंक; और आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) सहित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)।

(9) "वैयक्तिक ऋण" ऋण *एक्सपोज़र* को संदर्भित करता है जैसा कि भारिबैं के दिनांक 4 जनवरी 2018 के परिपत्र डीबीआर संख्या बी.पी.बीसी.99/08.13.100/2017-18 में परिभाषित किया गया है।

स्पष्टीकरण: एक ऋण को वैयक्तिक ऋण के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा यदि यह उपरोक्त परिभाषा के दायरे में आता है, चाहे ऐसे ऋणों को किसी भी विनियामक/पर्यवेक्षी रिपोर्टिंग में स्पष्ट रूप से वर्गीकृत नहीं किया गया हो।

(10) "संविभाग" का अर्थ है एक ही अंतरण समझौते के तहत एक समय में एक साथ अंतरित ऋण एक्सपोज़र का एक सेट;

बशर्ते कि अंतरण समझौते जिसके तहत ऋण एक संविभाग के रूप में अंतरित किए जाते हैं, व्यक्तिगत ऋण एक्सपोज़र के विवरण को सूचीबद्ध करेंगे जो एक संविभाग के रूप में अंतरित किए जाते हैं।

(11) "दबावग्रस्त ऋण" का अर्थ है ऋण एक्सपोज़र जिन्हें अनर्जक आस्ति(एनपीए) अथवा विशेष उल्लेख खातों (एसएमए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है;

(12) "अंतरण का समय" का अर्थ है वह बिंदु जिस पर अंतरित आर्थिक हित की सीमा तक संबंधित जोखिम और प्रतिफल, जैसा कि ऋण भागीदारी, समनुदेशन, अथवा नवीनीकरण अनुबंध में प्रलेखित है, अंतरणकर्ता और अंतरिती पर बाध्यकारी हो जाते हैं।

(13) "अंतरण" का अर्थ है अंतरणकर्ता द्वारा अंतरिती (ओं) को ऋण एक्सपोज़र में आर्थिक हित का अंतरण, अंतर्निहित ऋण अनुबंध के अंतरण के साथ अथवा बिना, इन निदेशों के भाग ए में अनुमत तरीके से;

स्पष्टीकरण: परिणामत:, *अंतरिती (ओं)* को ऋण अंतरण के बाद ऋण एक्सपोज़र "अधिग्रहण" करना होगा।

(14) "अंतरिती" का अर्थ है वह इकाई जिसमें ऋण एक्सपोज़र में आर्थिक हित इन निदेशों के भाग ए के तहत अंतरित किया जाता है;

बशर्ते कि एक अंतरिती दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 29ए के संदर्भ में अयोग्य व्यक्ति नहीं होगा;

बशर्ते कि जिन उधारकर्ताओं के खातों में किसी ऋणदाता द्वारा धोखाधड़ी के मामलों का पता लगाया गया है, उनके ऋण एक्सपोज़र के अंतरण के मामले में, अंतरिती (ओं) न तो ऐसे उधारकर्ता के मौजूदा प्रवर्तक समूह से संबंधित होंगे और न ही ऐसे उधारकर्ता के मौजूदा प्रवर्तक समूह से संबंधित किसी भी व्यक्ति की सहायक / सहयोगी / संबंधित पार्टी आदि (घरेलू और विदेशी) होंगे।

स्पष्टीकरण I: बाजार की भाषा में, अंतरिती को वैकल्पिक रूप से समनुदेशन लेनदेन के तहत समनुदेशिती और ऋण भागीदारी के तहत भागीदार के रूप में संदर्भित किया जा सकता है, जहां भी लागू हो।

स्पष्टीकरण II: उपरोक्त दूसरे परंतुक के प्रयोजन के लिए, 'प्रवर्तक समूह' शब्द का वही अर्थ होगा जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गमन और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2018 में है; और 'संबंधित पार्टी' शब्द का वही अर्थ होगा जो दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 में है।

स्पष्टीकरण III: यह सत्यापित करने और स्थापित करने की जिम्मेदारी कि अंतरिती (ओं) उपरोक्त परंतुकों का अनुपालन करते हैं, अंतरणकर्ता (ओं) के पास होगी।

(15) "अंतरणकर्ता" का अर्थ है वह इकाई जो इन निदेशों के तहत ऋण एक्सपोज़र में आर्थिक हित को अंतरित करती है;

स्पष्टीकरण: बाजार की भाषा में, अंतरणकर्ता को वैकल्पिक रूप से समनुदेशन लेनदेन के तहत समनुदेशक और ऋण भागीदारी के तहत अनुदानकर्ता के रूप में संदर्भित किया जा सकता है, जहां भी लागू हो

अध्याय II- सभी ऋण अंतरण के लिए लागू सामान्य शर्तें

सामान्य अपेक्षाएं

14. बैंक इन दिशानिर्देशों के तहत ऋण एक्सपोज़र के अंतरण और अधिग्रहण के लिए एक व्यापक बोर्ड अनुमोदित नीति लागू करेगा। इन दिशा-निर्देशों में, *अन्य बातों के साथ-साथ,* समुचित सावधानी, मूल्यांकन, आंकड़ों के संग्रह, भंडारण और प्रबंधन के लिए अपेक्षित सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियां, जोखिम प्रबंधन, आवधिक बोर्ड स्तर की निगरानी आदि से संबंधित न्यूनतम मात्रात्मक और गुणात्मक मानक निर्धारित किए जाने चाहिए।इसके अतिरिक्त, नीति को ऋण शुरू करने में शामिल कर्मियों से ऋण के अंतरण/अधिग्रहण में शामिल इकाइयों और कर्मियों के कामकाज और रिपोर्टिंग जिम्मेदारियों की स्वतंत्रता भी सुनिश्चित करनी चाहिए। सभी लेनदेन को नीति में विस्तृत आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए।

15. ऋण अंतरण के परिणामस्वरूप ऋण अनुबंध के अंतर्निहित नियमों और शर्तों में किसी भी परिवर्तन के बिना आर्थिक हित का अंतरण होना चाहिए। सभी मामलों में, यदि अंतरण के दौरान और बाद में ऋण अनुबंध के नियमों और शर्तों में कोई संशोधन होता है (उदाहरण के लिए अंतरण वित्तपोषण में), तो भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक – दबावग्रस्त आस्तियां का समाधान) निदेश, 2025 में परिभाषित पुनर्संरचना के विरूद्ध इसका मूल्यांकन किया जाएगा।
16. ऋण भागीदारी लेनदेन में, डिजाइन द्वारा, विधिक स्वामित्व पूरी तरह से अंतरणकर्ता के पास रहता है, भले ही आर्थिक हित को अंतरिती (ओं)को अंतरित कर दिया गया हो। ऐसे मामलों में, अंतरणकर्ता और अंतरिती (ओं) की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से संविदात्मक रूप से अंकित किया जाएगा।
17. पैरा 13 (4) में संदर्भित ऋणदाताओं, भले ही वह अंतरणकर्ता हों अथवा अन्यथा, ऋण अंतरण के मामले में किसी भी रूप में क्रेडिट वृद्धि या चलनिधि सुविधाओं का प्रस्ताव नहीं करना चाहिए।
18. एक अंतरणकर्ता भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक – दबावग्रस्त आस्तियां का समाधान) निदेश, 2025 के तहत एक समाधान योजना के एक भाग के रूप में अथवा दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत अनुमोदित समाधान योजना के भाग केअतिरिक्त, पूरी तरह अथवा आंशिक रूप से ऋण एक्सपोज़र को फिर से प्राप्त नहीं कर सकता है।
19. एक ऋण अंतरण के परिणामस्वरूप अंतरणकर्ता को अंतरित आर्थिक हित की सीमा तक ऋण से जुड़े जोखिमों और प्रतिफल से तत्काल अलग किया जाना चाहिए, ।

अंतरणकर्ता द्वारा एक्सपोज़र में किसी भी धारित आर्थिक हित के मामले में, ऋण अंतरण समझौते को अंतरणकर्ता और अंतरिती (ओं) के बीच अंतरित ऋण से मूलधन और ब्याज आय के वितरण को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करना चाहिए। हालांकि, यह दोहराया जाता है कि अंतरणकर्ता द्वारा धारित आर्थिक हित के परिणामस्वरूप ऋण वृद्धि नहीं होनी चाहिए।

20. अंतरिती (ओं) को अंतरित आर्थिक हित की सीमा तक किसी भी अवरोधक शर्त से मुक्त ऋणों को अंतरित करने अथवा अन्यथा निपटाने का अबाधित अधिकार होना चाहिए।

(1) अंतरिती (ओं) के पास इन दिशानिर्देशों के तहत विशेष रूप से अनुमत को छोड़कर अंतरित आर्थिक हित से जुड़े किसी भी खर्च या नुकसान के लिए अंतरणकर्ता का कोई अवलंब नहीं होगा।

(2) इसके अतिरिक्त, अंतरणकर्ता/ अंतरिती (ओं) को अंतरिती(ओं)/अंतरणकर्ता, जैसा भी मामला हो, से सहमति प्राप्त करने के लिए विवश नहीं किया जाएगा, जब संबंधित इकाई द्वारा धारित या अंतरित किए गए लाभकारी आर्थिक हित के संबंध में समाधान या वसूली की बात आती है।

21. अंतरणकर्ता के पास ऋणों या उसके किसी भी भाग के पुनर्भुगतान को फिर से प्राप्त करने या निधि देने अथवा अंतरिती(ओं) द्वारा रखे गए ऋणों को प्रतिस्थापित करने या अंतरिती (ओं) को किसी भी समय अतिरिक्त ऋण प्रदान करने का कोई दायित्व नहीं होगा, बशर्ते उन ऋणों के जो अंतरण के समय किए गए वारंटी या अभ्यावेदन के उल्लंघन से उत्पन्न होते हैं।
अंतरणकर्ता को यह प्रदर्शित करने में सक्षम होना चाहिए कि इस आशय का एक नोटिस अंतरिती (ओं) को दिया गया है और अंतरिती (ओं) ने इस तरह के दायित्व की अनुपस्थिति को स्वीकार किया है।

22. जहां कहीं भी अंतरणकर्ता द्वारा अंतरिती (ओं) को लाभार्थियों के रूप में रखते हुए प्रतिभूति हित न्यास के रूप में धारित किया जाता है, वहां अंतरिती यह सुनिश्चित करेंगे कि आवश्यकता पड़ने पर ऐसे प्रतिभूति हित को समय पर लागू करने के लिए एक परस्पर सहमत और बाध्यकारी क्रियाविधि उचित रूप से प्रलेखित एवं स्थापित किया गया है। ।

23. अंतरणकर्ता (ओं) द्वारा ऋणों का अंतरण अंतर्निहित उधारकर्ताओंके अधिकारों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए और उधारकर्ताओं (तीसरे पक्ष सहित) से सभी आवश्यक सहमति प्राप्त होनी चाहिए, जहां संबंधित अनुबंधों के अनुसार आवश्यक हो।

24. अंतरिती (ओं) को आस्तियों के अंतरण के बाद अनुमत अंतरिती (ओं) द्वारा किए गए अंतर्निहित समझौते की शर्तों का कोई भी पुनर्निर्धारण, पुनर्संरचना या पुन: समझौता भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक - दबावग्रस्त आस्तियां का समाधान) निदेश, 2025 के प्रावधानों के अनुसार होगा।

25. एक अंतरणकर्ता को भारिबैं (पर्यवेक्षण विभाग) को उन सभी उदाहरणों के बारे में सूचित करना चाहिए जहां उसने किसी अंतरिती को अंतरित ऋण को प्रतिस्थापित किया है अथवा किसी भी प्रतिनिधित्व या वारंटी से उत्पन्न होने वाले नुकसान का भुगतान किया है।

26. घरेलू लेनदेन के लिए, अंतरिती (ओं) को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके द्वारा अर्जित ऋणों के संबंध में अंतरणकर्ता ने एमएचपी मानदंडों का सख्ती से पालन किया है, जैसा कि इन निदेशों के अध्याय III के भाग ए में निर्धारित किया गया है।

27. भारतीय बैंकों की विदेशी शाखाओं द्वारा एक्सपोज़र के अंतरण के साथ-साथ अधिग्रहण विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 के तहत निर्धारित प्रावधानों सहित किसी अन्य सांविधिक या विनियामक प्रावधानों के उल्लंघन के बिना, इन निदेशों में निर्धारित आवश्यकताओं के अनुपालन में होना आवश्यक होगा।

बशर्ते, जिन क्षेत्राधिकारों में एमएचपी से संबंधित विनियम नहीं हैं, भारतीय बैंकों की विदेशी शाखाएं एमएचपी मानदंडों का पालन करने की आवश्यकता के बिना, ऐसे एक्सपोज़र (भारत में उत्पन्न होने वाले के अतिरिक्त), प्राप्त कर सकती हैं।

28. आउटसोर्सिंग पर मौजूदा निदेशों और भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक - अपने ग्राहक को जानिए) निदेश, 2025 के लागू प्रावधानों का सभी मामलों में अनुपालन किया जाएगा।

29. उन एक्सपोज़र के संबंध में जो इन निदेशों की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं, अंतरिती (ओं) को प्राप्त वास्तविक एक्सपोज़र के बराबर पूंजीगत शुल्क बनाए रखना होगा। ऐसे मामलों में, अंतरणकर्ता अंतरित ऋण को पूरी तरह से मान्यता जारी रखेगा, जैसे कि इसे अंतरित नहीं किया गया था और प्राप्त प्रतिफल को अग्रिम के रूप में मान्यता दी जाएगी।

30. बैंकों द्वारा धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत ऋण खातों के अंतरण पर कोई प्रतिबंध नहीं है। बैंक पैरा 79 के अनुपालन में अपने बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार अनुमत अंतरणकर्ताओं को इस तरह के एक्सपोज़र को अंतरित कर सकते हैं।

बी. सर्विसिंग सुविधा प्रदाता के रूप में अंतरणकर्ता

31. अंतरिती (ओं) अधिग्रहित एक्सपोज़र को प्रशासित या सर्विसिंग देने के लिए एक सर्विसिंग सुविधा प्रदाता को नियुक्त कर सकता है, जो अंतरणकर्ता भी हो सकता है, ।

32. यदि कोई बैंक, जिसमें एक अंतरणकर्ता भी शामिल है, ऋण अंतरण होने के बाद अंतरिती (ओं) के लिए एक सर्विसिंग सुविधा प्रदाता की भूमिका निभाता है, तो यह सुनिश्चित करेगा कि निम्नलिखित शर्तें पूरी की गई हैं:

(1) सुविधा की प्रकृति, उद्देश्य, सीमा और निष्पादन के सभी आवश्यक मानकों को एक लिखित समझौते में स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(2) यह सुविधा बाजार के नियमों और शर्तों के आधार पर स्वतंत्र संव्यवहार आधार' पर प्रदान की जाती है।

(3) सर्विसिंग सुविधा प्रदाता के रूप में भूमिका से उत्पन्न होने वाले किसी भी शुल्क या अन्य आय का भुगतान इस तरह से स्थगित या छूट के अधीन नहीं है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऋण वृद्धि या चलनिधि सुविधा प्रदान करेगा।

(4) सुविधा की अवधि उन तिथियों की सबसे शुरुआती तारीखेंतक सीमित है जिन पर:

(i) अंतर्निहित ऋण पूरी तरह से परिशोधित हैं;

(ii) अंतर्निहित ऋणों में अंतरिती (ओं) के आर्थिक हित से जुड़े सभी दावों का भुगतान किया जाता है; या

(iii) सर्विसिंग सुविधा प्रदाता के रूप में ऋणदाता के दायित्वों को अन्यथा समाप्त कर दिया जाता है।

(5) ऋणदाता निश्चित संविदात्मक दायित्वों से परे कोई सहारा नहीं देना चाहिए।

(6) अंतरिती (ओं) को सर्विसिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एक वैकल्पिक पार्टी का चयन करने का स्पष्ट अधिकार है।

(7) बैंक को तब तक अंतरिती (ओं) को धन भेजने के लिए बाध्य नहीं होना चाहिए जब तक कि उसे अंतर्निहित ऋणों से उत्पन्न धन प्राप्त न हो जाए।

(8) बैंक अंतरिती (ओं) की ओर से, अंतर्निहित ऋणों से उत्पन्न होने वाले नकदी प्रवाह को विश्वास में रखेगा और अपने स्वयं के नकदी प्रवाह के साथ इन नकदी प्रवाहों के सह-मिश्रण से बचेगा।

बशर्ते कि यदि उपर्युक्त शर्तें पूरी नहीं होती हैं, तो अंतरणकर्ता बैंक अंतरित ऋणों पर पूंजी बनाए रखेगा जैसे कि जिन ऋणों के संबंध में सर्विसिंग सुविधा प्रदान की जा रही है, वह सीधे उसकी खाता-बही पर रखे गए हों।

अध्याय III- ऋणों का अंतरण जिनमे चूक नहीं हैं

ए.सामान्य अपेक्षाएं

33. इस अध्याय के प्रावधान इन पर लागू नहीं होते हैं:

(1) अंतर-बैंक भागीदारी (इन निदेशों के अध्याय II के भाग सी में शामिल है);

(2) एक ऋणदाता द्वारा उधारकर्ताओं के ऋण खातों का अन्य उधारदाताओं को अंतरण, उधारकर्ता के अनुरोध पर (इन निदेशों के अध्याय III के भाग सी में शामिल किया गया है);

(3) कारोबार की लाइन से पूरी तरह से बाहर निकलने के निर्णय के परिणामस्वरूप ऋणों के पूरे संविभाग की बिक्री;

(4) दबावग्रस्त ऋणों की बिक्री; तथा

(5) कोई अन्य व्यवस्था/लेनदेन, जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विशेष रूप से छूट दी गई है।

34. उपरोक्त पैरा 33 में विनिर्दिष्ट लेनदेन इन निदेशों के भाग सी में निहित संबंधित विनियामक फ्रेमवर्क द्वारा अभिशासित होंगे। हालांकि, ऐसे सभी मामलों में अध्याय II के भाग ए के प्रावधान उन मामलों को छोड़कर लागू होते रहेंगे जहां संबंधित विनियामक फ्रेमवर्क (जैसा कि इन निदेश के भाग सी में निहित है) अन्यथा प्रदान करता है।

35. बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति तैयार करनी चाहिए कि अंतरण के समय और समुचित सावधानी अंतिम तारीख के बीच का अंतर न्यूनतम होना चाहिए और इस अध्याय के प्रावधानों के तहत चूक के रूप में कोई ऋण अंतरित नहीं किया जाना चाहिए।

36. एक अंतरणकर्ता एक एकल ऋण अथवा ऐसे ऋण का एक भाग अथवा ऐसे ऋण का एक संविभाग समनुदेशन या नवीनता या ऋण भागीदारी अनुबंध के माध्यम से अनुमत अंतरिती (ओं) को अंतरित कर सकता है।

37. ऐसे मामलों में जहां ऋण अंतरण के परिणामस्वरूप ऋण समझौते के तहत ऋणदाता के रिकॉर्ड में परिवर्तन होता है, अंतरणकर्ता और अंतरिती (ओं) को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मौजूदा ऋण समझौते में अंतर्निहित उधारकर्ता द्वारा सहमति सहित उपयुक्त सक्षम प्रावधान हैं जो आवश्यक सामान्य नियमों को निर्धारित करके ऐसे लेनदेन की अनुमति देते हैं।

38. अंतरित किए गए ऋणों में अंतरणकर्ता के आर्थिक हित, यदि कोई है, को विधिक रूप से वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। निम्नलिखित के बारे में एक विधिक राय, कम से कम, अंतरणकर्ता द्वारा रिकॉर्ड पर भी रखी जानी चाहिए:

(1.) अंतरणकर्ता द्वारा धारित आर्थिक हित की राशि की विधिक वैधता;

(2.) अंतरणकर्ता, अंतरिती (ओं) को अंतरित की गई सीमा तक, ऋणों से जुड़े किसी भी जोखिम और प्रतिफल को बनाए नहीं रखता है;

(3.) अंतरणकर्ता और अंतरिती (ओं) के बीच प्रतिभूतिके प्रवर्तन के लिए संविदात्मक रूप से सहमत सहयोगात्मक कार्रवाई यदि कोई है, जिसमें वह परिदृश्य शामिल हैं जिनमें न्यासियों के लिए न्यासमें अंतरणकर्ता द्वारा प्रतिभूति हित रखा जाता है, के अतिरिक्त, यह व्यवस्था अंतरिती (ओं) के अधिकारों और अंतरित की गई सीमा तक, ऋणों से जुड़े प्रतिफलों में हस्तक्षेप नहीं करती है, ; और

(4.) इस व्यवस्था के परिणामस्वरूप अंतरणकर्ता, अंतरिती (ओं) का एजेंट, ट्रस्टी अथवा प्रत्ययी नहीं बन जाता है, सिवाय इसके कि:

(i) अंतरणकर्ता द्वारा प्रदान की गई सर्विसिंग सुविधाएं, यदि कोई हो, इस तरह के अंतरण के बाद, अंतरिती (ओं) के संबंध में नकदी प्रवाह के अधिकारों की सीमा तक; तथा

(ii) सहयोगात्मक कार्रवाई प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में अंतरणकर्ता और अंतरिती (ओं) के बीच संविदात्मक रूप से सहमत होती है, जिसमें ऐसे परिदृश्य शामिल हैं जिनमें अंतरणकर्ता द्वारा अंतरिती (ओं) के लिए न्यास में रखा जाता है।

39. अंतरित किए गए एक्सपोज़र और उनकी बही पर रखे गए या प्रतिधारित एक्सपोज़र के लिए अंतरणकर्ता द्वारा लागू क्रेडिट हामीदारी अंकन के मानदंडों में कोई अंतर नहीं होगा। इसके अनुमोदन के लिए समान प्रक्रियाएं और जहां सुसंगत हो, संशोधित, नवीनीकरण करना और विस्तारित ऋण सुविधाओं की निगरानी को अंतरणकर्ता द्वारा इसके द्वारा उत्पन्न सभी ऋण एक्सपोज़र के लिए लागू किया जाना चाहिए।

40. अंतरण केवल नकदी आधार पर होगा और प्रतिफल ऋण के अंतरण के समय के बाद प्राप्त नहीं किया जाएगा। इस पैरा के प्रावधान पैरा 19 के प्रावधानों के अवहेलना के बिना होंगे, जो धारित आर्थिक हित से संबंधित है।

(1) अंतरण विचार स्वतंत्र संव्यवहार के आधार पर एक पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए।

41. ऋणों के संबंध में समुचित सावधानी को अंतरिती (ओं) द्वारा आउटसोर्स नहीं किया जा सकता है और इसे अपने स्वयं के कर्मचारियों द्वारा उसी दृढ़ता के साथ और उसी नीतियों के अनुसार किया जाना चाहिए जो किसी भी ऋण की उत्पत्ति के लिए किया गया था।

42. उपरोक्त समुचित सावधानी आवश्यकताएं प्रत्येक ऋण के स्तर पर लागू होंगी। संविभाग के रूप में अधिग्रहित ऋणों के मामले में, यदि कोई अंतरिती पूरे संविभाग के लिए वैयक्तिक ऋण स्तर पर समुचित सावधानी करने में असमर्थ है, लेकिन संविभाग में ऋणों की संख्या और मूल्य के आधार पर संविभाग के कम से कम एक तिहाई के लिए वैयक्तिक ऋण स्तर पर समुचित सावधानी कर सकता है, तो शेष के लिए संविभाग स्तर पर समुचित सावधानी की जा सकती है और अंतरणकर्ता को अंतरित ऋणों में आर्थिक हित का कम से कम 10 प्रतिशत धारित करनाहोगा।

स्पष्टीकरण 1: यदि किसी अंतरण में कई अंतरिती शामिल हैं, तो अंतरणकर्ता द्वारा न्यूनतम प्रतिधारण आवश्यकता, यदि कोई भी अंतरिती वैयक्तिक ऋण स्तर पर समुचित सावधानी करने में असमर्थ है, तो अंतरित ऋणों की पूरी राशि पर होगा, जिसमें अंतरिती (ओं) को अंतरित किए गए भाग भी शामिल हैं जिनमे अंतरिती वैयक्तिक ऋण स्तर पर समुचित सावधानी करने में सक्षम हैं।

स्पष्टीकरण 2: पैरा 42 *में किया गया प्रावधान केवल उन ऋणों के अंतरण की सुविधा के लिए है, जहां परिचालन अथवा अन्य बाधाओं के कारण, अंतरिती ऋण स्तर पर समुचित सावधानी नहीं करता है*। यह वैयक्तिक ऋण स्तर पर विवेकपूर्ण मानदंडों को लागू करने के लिए पैरा 52 के तहत आवश्यकता के प्रति प्रतिकूल प्रभाव के बगैर है।

43. बैंक समय-समय पर दबाव परीक्षण और संवेदनशीलता विश्लेषण के द्वारा प्राप्त ऋणों के बारे में निरंतर आधार पर और समयबद्ध तरीके से निष्पादन की जानकारी की निगरानी करे, और यदि आवश्यक है, तो समुचित कार्रवाई करें। इस कार्रवाई में, अन्य बातों के साथ-साथ, कुछ प्रकार की आस्ति वर्गों के संबंध में एक्सपोज़र सीमा में संशोधन, अंतरणकर्ता पर लागू अधिकतम सीमा में परिवर्तन आदि शामिल हो सकते हैं। इस प्रयोजन के लिए, अंतरिती (ओं) को औपचारिक नीतियों और प्रक्रियाओं को लागू करना चाहिए जो प्राप्त ऋणों के जोखिम प्रोफाइल के अनुपात मे और अनुरूप हों। इस तरह की प्रक्रियाएं उतनी ही दृढ़ होनी चाहिए जितनी कि उनके द्वारा सीधे उत्पन्न समान ऋणों के पोर्टफोलियो के लिए उनके द्वारा अपनाई जाती हैं। इन प्रक्रियाओं के लिए अपेक्षित जानकारी, यदि बैंकों द्वारा सीधे एकत्र नहीं की जाती है और सर्विसिंग सुविधा एजेंट, यदि कोई हो, से प्राप्त की जाती है, तो सर्विसिंग सुविधा एजेंट के प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा प्रमाणित की जानी चाहिए।

44. संविभाग के आकार के आधार पर, क्रेडिट निगरानी प्रक्रियाओं में सर्विसिंग सुविधा एजेंट के समवर्ती और आंतरिक लेखा परीक्षकों द्वारा प्रस्तुत जानकारी का सत्यापन शामिल हो सकता है।

(1) सर्विसिंग सुविधा समझौते में अंतरिती (ओं) (और जहां भी लागू हो, अंतरणकर्ता) के लेखापरीक्षकों द्वारा इस तरह के सत्यापन के लिए प्रदान किया जाना चाहिए ।

(2) सभी सुसंगत सूचना और लेखापरीक्षा रिपोर्ट भारतीय रिज़र्व बैंक के पर्यवेक्षकों द्वारा अंतरिती (ओं) और अंतरणकर्ता के पर्यवेक्षण के दौरान सत्यापन के लिए उपलब्ध होनी चाहिए।

बी.न्यूनतम धारिता अवधि (एमएचपी)

45. अंतरणकर्ता केवल न्यूनतम धारित अवधि (एमएचपी) के बाद ऋण अंतरित कर सकता है, जैसा कि नीचे निर्धारित किया गया है, जिसे भारतीय प्रतिभूतिकरण परिसंपत्ति पुनर्निर्माण और प्रतिभूति स्वत्व की केंद्रीय रजिस्ट्री(सीईआरएसएआई) के साथ अंतर्निहित प्रतिभूति हित के पंजीकरण की तारीख से गिना जाता है:

(i) तीन महीने, 2 वर्ष तक की अवधि वाले ऋण के मामले में;

(ii) छह महीने, 2 वर्ष से अधिक की अवधि वाले ऋण के मामले में ।

बशर्ते कि उन ऋणों के मामले में जहां प्रतिभूति मौजूद नहीं है या प्रतिभूति को सीईआरएसएआई के साथ पंजीकृत नहीं किया जा सकता है, एमएचपी की गणना ऋण के पहले पुनर्भुगतान की तारीख से की जाएगी।

बशर्ते कि परियोजना ऋणों के अंतरण के मामले में, एमएचपी की गणना वित्तपोषित की जा रही परियोजना के वाणिज्यिक संचालन के शुरू होने की तारीख से की जाएगी।

बशर्ते कि एक अंतरणकर्ता द्वारा अन्य संस्थाओं से प्राप्त ऋण के मामले में, ऐसे ऋणों को उस तारीख से छह महीने पूरा होने से पहले अंतरित नहीं किया जा सकता है जिस पर ऋण अंतरणकर्ता की लेखा में लिया गया था।

बशर्ते कि फैक्टर विनियमन अधिनियम, 2011 के तहत परिभाषित 'फैक्टरिंग कारोबार' के भाग के रूप में अधिग्रहित प्राप्तियों के अंतरण को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के अधीन उपरोक्त विनिर्दिष्ट एमएचपी आवश्यकता से छूट दी जाएगी:

(i) अंतरण के समय ऐसी प्राप्तियों की अवशिष्ट(रेशिड्युअल) परिपक्वता 90 दिनों से अधिक नहीं होनी चाहिए, और

(ii) जैसा कि इन निदेशों के पैरा 14 और 41 के तहत विनिर्दिष्ट है , अंतरिती ऐसी प्राप्तियों को प्राप्त करने से पहले, बिल के अदाकर्ता का उचित क्रेडिट मूल्यांकन करता है

46. उपरोक्त एमएचपी आवश्यकता एक सिंडिकेशन व्यवस्था के तहत अन्य ऋणदाताओं को अरेंजर बैंक द्वारा अंतरित ऋणों पर लागू नहीं होती है।

सी. पूंजी पर्याप्तता और अन्य विवेकपूर्ण मानदंड

47. ऋणों के अंतरण के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी हानि अथवा लाभ, जो प्राप्त होता है, को तदनुसार लेखा में लिया जाना चाहिए और उस लेखा अवधि के लिए अंतरणकर्ता के लाभ और हानि खाते में दर्शाया जाना चाहिए, जिसके दौरान अंतरण पूरा हो गया है। हालांकि, इस तरह के अंतरण से उत्पन्न होने वाले अप्राप्त लाभ, यदि कोई है, को ऐसे ऋणों की परिपक्वता तक विनियामक पूंजी पर्याप्तता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सीईटी 1 पूंजी से काट लिया जाएगा।
48. ऋणों के पूल के अंतरण के मामले में, अंतरिती (ओं) और अंतरणकर्ता (ओं) (धारित आर्थिक हित के मामले में) को उधारकर्ता-वार खातों को बनाए रखना चाहिए। इस प्रकार, अंतरणकर्ता (ओं) और अंतरिती (ओं) का एक्सपोसर ऋणों के एक पूल में वैयक्तिक बाध्यताधारी के लिए होगा।
49. इस तरह के अंतरण के बाद अंतरणकर्ता और अंतरिती (ओं) द्वारा धारित आर्थिक हित के संबंध में प्राप्त ऋणों के लिए पूंजी पर्याप्तता उपाय, ऋणदाता द्वारा सीधे उत्पन्न ऋणों पर लागू अनुदेशों के अनुसार होगा।

50. अंतरिती (ओं) को प्राप्त करने से पहले ऋणों के पूल को बाहरी रूप से रेट किया जा सकता है ताकि उनके स्वयं के समुचित सावधानी के अतिरिक्त पूल की क्रेडिट गुणवत्ता का एक तृतीय-पक्ष दृष्टिकोण हो सके। हालांकि, इस तरह की बाहरी रेटिंग अंतरिती (ओं) के समुचित सावधानी के बाद की जाएगी और इस तरह की रेटिंग समुचित सावधानी के लिए प्रतिस्थापित नहीं हो सकती है जो अंतरिती (ओं) को करने की आवश्यकता है।

51. अंतरिती (ओं), साथ ही अंतरणकर्ता (ओं) को मौजूदा आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान के साथ-साथ एक्सपोज़र मानदंडों को सभी मामलों में वैयक्तिक दायित्व के आधार पर मौजूदा आर्थिक हित की सीमा तक लागू करना होगा।

52. अधिग्रहित ऋणों के पूल के मामले में, अंतरिती (ओं) को वैयक्तिक बाध्यकारी आधार पर सुसंगत विवेकपूर्ण मानदंडों को लागू करने में सक्षम बनाने के लिए क्रियाविधि स्थापित करना चाहिए। इस तरह की क्रियाविधि में सर्विसिंग सुविधा प्रदाता से प्राप्त विवरणों पर भरोसा करना भी शामिल हो सकता है। हालांकि, इस तरह की क्रियाविधि में अंतरिती (ओं) के समवर्ती लेखा परीक्षकों, आंतरिक लेखा परीक्षकों और सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा पर्याप्त जांच के लिए प्रावधान किया जाना चाहिए। सभी सुसंगत सूचना और लेखा परीक्षा रिपोर्ट भारतीय रिज़र्व बैंक के पर्यवेक्षकों द्वारा अंतरिती (ओं) के पर्यवेक्षण के दौरान सत्यापन के लिए उपलब्ध होनी चाहिए।

53. अनुमत अंतरिती (ओं) के लिए, अधिग्रहित ऋणों को अधिग्रहण लागत पर ले जाया जाएगा जब तक कि यह अंतरण के समय शेष मूलधन से अधिक न हो, इस मामले में भुगतान किए गए प्रीमियम को

सीधी रेखा पद्धति अथवा प्रभावी ब्याज दर विधि के आधार पर परिशोधित किया जाना चाहिए, जैसा कि वैयक्तिक अनुमत अंतरिती द्वारा उचित माना जाता है। हालांकि, बकाया/अपरिशोधित प्रीमियम को पूंजी से कटौती की आवश्यकता नहीं है।

54. ऐसे मामलों में जहां एक अंतरणकर्ता अंतरित ऋणों के संबंध में अभ्यावेदन और वारंटी देता है, अंतरणकर्ता को ऐसे अभ्यावेदन और वारंटी के विरुद्ध पूंजी रखने की आवश्यकता नहीं होगी, बशर्ते निम्नलिखित शर्तें पूरी हों:

(1) कोई भी प्रतिनिधित्व अथवा वारंटी केवल औपचारिक लिखित करार द्वारा प्रदान की जाती है;

(2) प्रतिनिधित्व अथवा वारंटी तथ्यों की मौजूदा स्थिति को संदर्भित करती है जो ऋण अंतरित होने के समय अंतरणकर्ता द्वारा सत्यापित करने में सक्षम है;

(3) प्रतिनिधित्व या वारंटी असीमित अवधि वाली नहीं है और विशेष रूप से, ऋणों/अंतर्निहित उधारकर्ताओं की भविष्य की ऋण-पात्रता से संबंधित नहीं है;

(4) प्रतिनिधित्व अथवा वारंटी का प्रयोग, यदि कोई हो, तो एक अंतरणकर्ता को प्रतिनिधित्व अथवा वारंटी में शामिल आधार पर अंतरित किए गए ऋण (अथवा उसके किसी भी भाग) को बदलने की आवश्यकता होती है, होना चाहिए:

(i) ऋण के अंतरण के 30 दिनों के भीतर किया गया; तथा

(ii) मूल अंतरण के समान नियमों और शर्तों पर संचालन।

बशर्ते कि इस तरह के प्रतिस्थापन पर, अंतरणकर्ता आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान मानदंडों को लागू करेगा जैसे कि पुनर्प्राप्त एक्सपोज़र को पहले स्थान पर स्थानांतरित ही नहीं किया गया था।

(5) एक अंतरणकर्ता जिसे प्रतिनिधित्व अथवा वारंटी के उल्लंघन के लिए हर्जाने का भुगतान करना आवश्यक है, वह ऐसा कर सकता है बशर्ते हर्जाने का भुगतान करने का करार निम्नलिखित शर्तों को पूरा करता हो:

(i) प्रतिनिधित्व अथवा वारंटी के उल्लंघन के लिए सबूत का दायित्व प्रत्येक समय पार्टी के साथ रहती है, जो आरोप लगाती है;

(ii) उल्लंघन का आरोप लगाने वाली पार्टी अंतरणकर्ता पर दावे की लिखित सूचना देती है, जिसमें दावे का आधार विनिर्दिष्ट किया जाता है; तथा

(iii) नुकसान उल्लंघन के परिणामस्वरूप सीधे होने वाले नुकसान तक सीमित है।

अध्याय IV- दबावग्रस्त ऋणों का अंतरण

ए. सामान्य आवश्यकताएं

55. इस अध्याय में दिए गए अनुदेशों में दबाव ऋणों के अंतरण (एआरसी को अंतरण के सहित) को शामिल किया जाएगा।

56. दबावग्रस्त ऋणों का अंतरण केवल समनुदेशन अथवा नवीनीकरण द्वारा किया जाना चाहिए; दबावग्रस्त ऋणों के मामले में ऋण भागीदारी की अनुमति नहीं है।

57. दबावग्रस्त ऋणों के अंतरण और/अथवा अधिग्रहण पर बैंकों की बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीतियों में, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित पहलू शामिल होंगे:

(1) ऐसे ऋणों के अंतरण अथवा अधिग्रहण के लिए मानदंड और प्रक्रिया;

(2) यह सुनिश्चित करने के लिए मूल्यांकन पद्धति का पालन किया जाना चाहिए कि दबावग्रस्त ऋणों का वसूली योग्य मूल्य, जिसमें अंतर्निहित प्रतिभूति ब्याज की प्राप्ति भी शामिल है, यदि उपलब्ध है , उचित रूप से अनुमानित है;

(3) ऋणों के अंतरण या अधिग्रहण पर निर्णय लेने के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को शक्तियों का प्रत्यायोजन;

(4) दबावग्रस्त आस्तियों के अधिग्रहण के लिए स्वीकृत उद्देश्य;

(5) पैरा 73 के प्रयोजन के लिए लागू किए जाने वाले जोखिम प्रीमियम; आदि।

58. दबावग्रस्त ऋणों के अंतरण संबंधी नीति निम्नलिखित सिद्धांतों पर आधारित होगी:

(1) अंतरण के लिए विनिर्दिष्ट मूल्य से अधिक दबावग्रस्त ऋणों की पहचान करने की प्रक्रिया, जैसा कि बैंक की नीति द्वारा निर्धारित किया जा सकता है, एक टॉप-डाउन दृष्टिकोण का पालन करेगा, अर्थात, बैंक का प्रधान कार्यालय/कॉर्पोरेट कार्यालय अंतरण के लिए दबावग्रस्त ऋणों की पहचान में सक्रिय रूप से शामिल होगा;

(2) कम से कम, बोर्ड/बोर्ड समिति द्वारा तय की गई प्रारंभिक राशि से अधिक एनपीए के रूप में वर्गीकृत सभी ऋणों की समय-समय पर बोर्ड/बोर्ड समिति द्वारा समीक्षा की जाएगी और दस्तावेजी युक्तिकरण के साथ, अंतरण या अन्यथा पर विचार किया जाएगा। अंतरण के लिए पहचाने गए ऋणों को अंतरण के उद्देश्य से सूचीबद्ध किया जाएगा जैसा कि ऊपर बताया गया है।

59. अंतरणकर्ताओं के पास अंतरित किए जाने वाले प्रस्तावित ऋण एक्सपोज़रो के मूल्यांकन के संबंध में स्पष्ट नीतियां होनी चाहिए। आधार अथवा परिप्रेक्ष्य जो उपयोग किए गए मूल्यांकन - आंतरिक या बाहरी - के प्रकार को निर्धारित करेगा, नीति में स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए।

आंतरिक मूल्यांकन अभ्यास में अंतरणकर्ता द्वारा प्रयोग की जाने वाली छूट दर को भी पॉलिसी में वर्णित किया जाएगा। यह या तो इक्विटी की लागत या निधियों की औसत लागत या अवसर लागत या कुछ अन्य सुसंगत दर हो सकती है, जो संविदा ब्याज दर के स्तर के अधीन है। हालांकि, यदि क्रेडिट एक्सपोज़र (प्रावधानों के नेटिंग के बिना) जो अंतरित किया जा रहा है, जो एकल, संयुक्त अथवा अलग-अलग 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक है, तो अंतरणकर्ता को दो बाहरी मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त करनी होगी। मूल्यांकन अभ्यास, , बाहरी या अन्य, की लागत अंतरणकर्ता द्वारा वहन की जाएगी।

60. सामान्यत:, बैंक दबावग्रस्त ऋणों को, द्विपक्षीय बिक्री सहित, केवल अनुमत अंतरिती (ओं) और एआरसी को अंतरित करेगा।

61. अंतरण का तरीका अंतरणकर्ता की बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार होना चाहिए। बैंक अपने ऋणों के अंतरण के लिए जहां भी उपलब्ध हो, ई-नीलामी प्लेटफॉर्म का भी उपयोग कर सकते हैं।

62. तथापि, जब द्विपक्षीय आधार पर समझौता किया जाता है, तो इस तरह के समझौते के बाद स्विस चैलेंज पद्धति के माध्यम से नीलामी अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए जहा अंतरित किए जा रहे ऋण मे उधारकर्ताओं को ऋणदाताओं का कुल एक्सपोज़र (निवेश एक्सपोज़र सहित) 100 करोड़ रुपये अथवा उससे अधिक है। अन्य सभी मामलों में, द्विपक्षीय वार्ता पैरा 57 में वर्णित बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के भाग के रूप में अंतरणकर्ता द्वारा अपनाए गए मूल्य खोज और मूल्य अधिकतमकरण दृष्टिकोण के अधीन होगी, जिसमें स्विस चैलेंज विधि भी शामिल हो सकती है। स्विस चैलेंज पद्धति के लिए पालन किए जाने वाले व्यापक दिशा-निर्देश पैर 90 से 93 में दिए गए हैं।

बशर्ते कि भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक – दबावग्रस्त आस्तियां का समाधान) निदेश, 2025 के तहत एक समाधान योजना के रूप में किए गए दबावग्रस्त ऋणों के अंतरण के मामले में , इंटरक्रेडिटर करार(आईसीए) के हस्ताक्षरकर्ताओं के अनुमोदन के साथ, जो कुल बकाया ऋण सुविधाओं (निधि आधारित और गैर-निधि आधारित) के मूल्य से 75 प्रतिशत और संख्या के आधार पर हस्ताक्षरकर्ताओं के 60 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है, आईसीए के सभी हस्ताक्षरकर्ताओं को दबावग्रस्त ऋण एक्सपोज़र से बाहर निकालने के लिए, उपरोक्त एक्सपोसर सीमा के बावजूद स्विस चैलेंज विधि अनिवार्य होगी।

63. अंतरणकर्ता यह सुनिश्चित करेगा कि दबावग्रस्त ऋणों के अंतरण के बाद, वह अंतरित ऋणों से संबंधित किसी भी परिचालन, विधिक अथवा किसी अन्य प्रकार के जोखिम को ग्रहण नहीं करेगा, जिसमें अंतरित ऋण के संदर्भ में उधारकर्ता/अंतरिती (ओं) के लिए अतिरिक्त धन या प्रतिबद्धताएं शामिल हैं। इसके बाद, संबंधित बोर्ड द्वारा अनुमोदित अंतरणकर्ता की नीति में निर्धारित कूलिंग अवधि के बाद उधारकर्ता पर नया एक्सपोज़र लिया जा सकता है, जो किसी भी स्थिति में, इस तरह के अंतरण की तारीख से 12 महीने से कम नहीं होगा।

64. पैरा 60 से 63 में शर्तों के बावजूद, यदि भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक – दबावग्रस्त आस्तियां का समाधान) निदेश, 2025 के तहत समाधान योजना के रूप में दबावग्रस्त ऋणों का अंतरण किया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप पैरा 13(4) में विनिर्दिष्ट सभी ऋणदाता दबावग्रस्त ऋण एक्सपोज़र से बाहर होते हैं, ऐसी संस्थाओं के किसी भी वर्ग को इस तरह के अंतरण की अनुमति है, कारपोरेट इकाई सहित जिसे सांविधिक प्रावधान के संदर्भ में अथवा वित्तीय क्षेत्र के विनियामक द्वारा जारी विनियमों के तहत ऋण एक्सपोज़र लेने की अनुमति है।

(1) स्पष्टीकरण: जिन संस्थाओं को ऋणदाताओं द्वारा दबावग्रस्त ऋण एक्सपोज़र अंतरित करने की अनुमति है, उनमें (ए) स्थानीय क्षेत्र के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर वाणिज्यिक बैंक शामिल हैं; (बी) एआईएफआई, (सी) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां एचएफसी सहित; (डी) सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 3 के अंतर्गत रिज़र्व बैंक में पंजीकृत एआरसी; (ई) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2 की उप-धारा (20) में परिभाषित कंपनी (दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 3 की उप-धारा (17) में परिभाषित एक वित्तीय सेवा प्रदाता के अतिरिक्त) शामिल है। ऐसी कंपनियों द्वारा ऋण एक्सपोज़र का अधिग्रहण कंपनी अधिनियम, 2013 के सुसंगत प्रावधानों के अधीन होगा।

(2) संबंधित वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों द्वारा संस्थाओं के किसी भी नए वर्ग की अनुमति दिए जाने पर संस्थाओं की श्रेणियों को अद्यतन किया जाएगा।

(3) यदि ऐसे अंतरिती न तो एआरसी और न ही अनुमत अंतरिती हैं, तो अंतरण अतिरिक्त रूप से निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा:

(i) अंतरिती इकाई को भारत में निगमित किया जाना चाहिए अथवा भारत में वित्तीय क्षेत्र के विनियामक (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण, भारतीय पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण) के साथ पंजीकृत होना चाहिए।

(ii) इस तरह के अंतरण के समय किसी भी ऋण देने वाली संस्था द्वारा अंतरिती को अनर्जक खाते (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए;

(iii) अंतरिती (ओं) को पैरा 13 (4) में विनिर्दिष्ट उधारदाताओं से ऋण के माध्यम से ऋण अधिग्रहण को निधि नहीं देनी चाहिए।

(iv) पैरा 13 (4) में विनिर्दिष्ट ऋणदाताओं को कार्यशील पूंजी सुविधाओं (जो सावधि ऋण की प्रकृति के नहीं हैं) के अतिरिक्त उस उधारकर्ता को, जिसका ऋण खाता अंतरित किया गया है, कोई भी ऋण/निवेश एक्सपोज़र इस तरह के अंतरण की तारीख से कम से कम तीन वर्ष तक नहीं लेना चाहिए।

बशर्ते कि कार्यशील पूंजी सुविधाएं उन बैंकों द्वारा स्वीकृत की जाती हैं जो अंतरणकर्ता नहीं हैं।

(v) इसके अतिरिक्त, इस तरह के अंतरण की तारीख से कम से कम तीन वर्षों के लिए, पैरा 13(4) में विनिर्दिष्ट ऋणदाताओं को उधारकर्ता के संचालन में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से तैनाती के लिए अंतरिती (ओं) को कोई क्रेडिट/निवेश एक्सपोज़र नहीं लेना चाहिए। इस प्रयोजन के लिए, उधारकर्ता का अर्थ उन विधिक संस्थाओं से होगा जिनके लिए अंतरणकर्ता (ओं) के पास एक्सपोज़र था जिसे समाधान(रेजल्यूशन) योजना के एक भाग के रूप में अंतरिती (ओं) को अंतरित कर दिया गया था, और उधारकर्ता मे एक विशेष प्रयोजन माध्यम भी शामिल हो सकते हैं (लेकिन इस पर सीमित नहीं है), जिसमें एक परियोजना के लिए विधिक-इकाई का दर्जा स्थापित किया गया है।

स्पष्टीकरण: इस पैरा में उल्लिखित अपने सांविधिक अथवा विनियामक ढांचे द्वारा ऋण एक्सपोज़र लेने की अनुमति दी गई इकाई को ऋण एक्सपोज़र लेने के लिए अपने विनियामक अथवा सांविधिक ढांचे द्वारा अलग से सक्षम होना होगा, और फिर रिज़र्व बैंक द्वारा संस्थाओं की श्रेणी में सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। उपरोक्त पैरा केवल ऋणदाता को समाधान(रेजल्यूशन) योजना के तहत ऋण भुगतान किए गए ऋणों को ऐसी संस्थाओं को अंतरित करने की अनुमति देता है जिन्हें पहले से ही ऋण एक्सपोज़र लेने की अनुमति है। संबंधित वित्तीय क्षेत्र के विनियामक रिज़र्व बैंक के परामर्श से इस उद्देश्य के लिए एक रूपरेखा तैयार करेंगे।

65. अंतरणकर्ता को संभावित अधिग्रहणकर्ताओं द्वारा समुचित सावधानी के लिए पर्याप्त समय प्रदान करना चाहिए, जो ऋण के आकार के अनुसार भिन्न हो सकता है।

66. ऋण अंतरण करार में स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट किया जाएगा कि यदि भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक – दबावग्रस्त आस्तियां का समाधान) निदेश, 2025 के संदर्भ में आईसीए पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता होती है, तो अंतरिती आवश्यकता पड़ने पर आईसीए पर हस्ताक्षर करेगा।

67. अंतरणकर्ता यह सुनिश्चित करेगा कि दबावग्रस्त ऋण का कोई अंतरण आकस्मिक मूल्य पर नहीं किया जाता है, जिससे सहमत मूल्य की प्राप्ति में कमी की स्थिति में, अंतरणकर्ता (ओं) को कमी का एक भाग वहन करना होगा।

68. अंतरणकर्ता केवल नकद आधार पर एआरसी के अतिरिक्त अन्य अंतरणकर्ता को दबावग्रस्त ऋणों को अंतरित करेगा। संपूर्ण अंतरण **प्रतिफल** ऋण के अंतरण के समय या उससे पहले प्राप्त हो जाना चाहिए और ऋण को केवल संपूर्ण अंतरण **प्रतिफल** प्राप्त होने पर ही अंतरणकर्ता की बही से बाहर निकाला जा सकता है। यदि एआरसी के अतिरिक्त अन्य अंतरितीको अंतरण समय, अंतरण शुद्ध एनबीवी से नीचे की कीमत पर है, तो कमी को उस वर्ष के लाभ और हानि खाते में डेबिट किया जाएगा जिसमें अंतरण हुआ है। यदि बिक्री प्रतिफल अंतरण के समय एनबीवी से अधिक मूल्य के लिए है, तो अतिरिक्त प्रावधानों को प्रतिवर्ती दिया जा सकता है।

69. बैंक को संविभाग के आधार पर प्राप्त दबावग्रस्त ऋणों के एक पूल को अपनी बही में एकल आस्ति के रूप में मानने की अनुमति है, बशर्ते कि पूल में एक सा वैयक्तिक ऋण शामिल हों। समरूपता का मूल्यांकन सामान्य जोखिम चालकों के आधार पर किया जाना चाहिए, जिसमें समान जोखिम कारक और जोखिम प्रोफाइल शामिल हैं। अन्य सभी मामलों में, अधिग्रहित दबावग्रस्त ऋणों को विवेकपूर्ण आवश्यकताओं जैसे आस्ति वर्गीकरण, पूंजी गणना, आय पहचान आदि के उद्देश्य से भिन्न आस्तियों के रूप में माना जाएगा।

स्पष्टीकरण: यदि अधिग्रहित किए गए समान वैयक्तिक ऋणों के संविभाग को अंतरिती द्वारा एकल आस्ति के रूप में माना जाता है, तो संविभाग को पैरा 73 के प्रयोजन के लिए एकल आस्ति के रूप में भी माना जाएगा।

70. अधिग्रहित दबावग्रस्त ऋणों के संबंध में क्रेडिट सूचना कंपनियों के लिए रिपोर्टिंग दायित्व, यदि कोई हो, तो अंतरिती (ओं) के पास होगा, यदि उपरांत एक क्रेडिट संस्थान है जैसा कि क्रेडिट सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम, 2005 की धारा 2 की उप-धारा (एफ) में परिभाषित किया गया है।

71. यदि एआरसी के अतिरिक्त अंतरिती (ओं) के पास उस उधारकर्ता के लिए कोई मौजूदा एक्सपोज़र नहीं है, जिसका दबावग्रस्त ऋण खाता अधिग्रहित किया गया है, तो अधिग्रहित दबावग्रस्त

ऋण को अंतरणकर्ता (ओं) द्वारा "मानक" के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। इसके बाद, अधिग्रहित ऋण की आस्ति वर्गीकरण स्थिति, ऋण अंतरण के समय अनुमानित नकदी प्रवाह के संदर्भ में अंतरणकर्ता (ओं) की बही में वसूली के रिकॉर्ड द्वारा निर्धारित की जाएगी।

72. यदि एआरसी को छोड़कर अंतरिती (ओं) के पास उस उधारकर्ता के लिए मौजूदा एक्सपोज़र है जिसका दबावग्रस्त ऋण खाता लिया गया है, तो अधिग्रहित एक्सपोज़र का आस्ति वर्गीकरण अंतरिती के साथ उधारकर्ता के मौजूदा आस्ति वर्गीकरण के समान होगा। यह उपाय तब भी लागू होगा जब इस तरह का अधिग्रहण दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत अंतरिती के एक सफल समाधान (रेज़ॉल्यूशन) आवेदक होने के अनुसरण में हो।

73. दबावग्रस्त ऋण प्राप्त करने वाले बैंक को अधिग्रहण के समय अपनी बही में आस्ति वर्गीकरण स्थिति के अनुसार ऐसे ऋणों के लिए प्रावधान करना होगा। आस्ति वर्गीकरण के बावजूद, यदि ऋण प्राप्त करते समय अनुमानित नकदी प्रवाह का निवल वर्तमान मूल्य ऋण प्राप्त करने के लिए भुगतान किए गए प्रतिफल से कम है, तो प्रावधान अंतर की सीमा तक बनाए रखा जाएगा। इस प्रयोजन के लिए, छूट कारक मूल ऋण अनुबंध के अनुसार उधारकर्ता को ली जाने वाली वास्तविक ब्याज दर और अंतरणकर्ता की बही पर ऋण के आस्ति वर्गीकरण को ध्यान में रखते हुए अंतरिती के बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार निर्धारित किया जाने वाला जोखिम प्रीमियम होगा। जोखिम प्रीमियम 3 प्रतिशत की सीमा के अधीन होगा।

74. एआरसी के मामले में, इसके द्वारा अधिग्रहित दबावग्रस्त ऋणों का आस्ति वर्गीकरण और बनाए रखे जाने वाले संबद्ध प्रावधानों को इस संबंध में उन पर लागू मौजूदा अनुदेशों द्वारा निर्देशित किया जाना जारी रहेगा।

75. बैंक अन्य ऋणदाताओं को अंतरित करने से पहले कम से कम छह महीने की अवधि के लिए अधिग्रहित दबावग्रस्त ऋणों को अपनी बही में रखेगा। इसके अतिरिक्त, बैंकों को आमतौर पर उन ऋणों को प्राप्त करने से प्रतिबंधित किया जाता है जिन्हें पिछले छह महीनों में अन्य ऋणदाताओं द्वारा दबावग्रस्त ऋण के रूप में अंतरित किया गया था।

बशर्ते कि यह पैरा लागू नहीं होगा यदि दबावग्रस्त ऋण का अंतरण एक एआरसी को है अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक – दबावग्रस्त आस्तियां का समाधान) निदेश, 2025 के तहत एक समाधान योजना के रूप में किया जाता है, जिसमें आईसीए के हस्ताक्षरकर्ताओं का कुल बकाया ऋण सुविधाओं (निधि आधारित और गैर-निधि आधारित) के मूल्य के आधार पर 75 प्रतिशत और संख्या के अनुसार 60 प्रतिशत के अनुमोदन के साथ निर्गम के लिए दबावग्रस्त ऋण एक्सपोज़र से आईसीए के सभी हस्ताक्षरकर्ताओं का प्रतिनिधित्व किया जाता है।

बी. एनपीए के अंतरण के लिए अतिरिक्त आवश्यकताएं

76. अंतरणकर्ता अन्य ऋणदाताओं को अंतरित एनपीए के संबंध में मौजूदा निदेशों के अनुसार स्टाफ की जवाबदेही पहलुओं को आगे बढ़ाना जारी रखेगा।

77. अन्य ऋणदाताओं से प्राप्त एनपीए के संबंध में, ऐसी आस्ति रखने से अंतरिती द्वारा प्राप्त नकदी प्रवाह का उपयोग पहले ऋण के संबंध में अंतरिती की बही में वित्त पोषित बकाया के परिशोधन के लिए किया जाएगा जब तक की अधिग्रहण लागत वसूल नहीं हो जाती। अधिग्रहण लागत से अधिक नकदी प्रवाह, यदि कोई हो, को लाभ के रूप में पहचाना जा सकता है।

78. बैंक अन्य ऋणदाताओं से प्राप्त एनपीए को 100% जोखिम भार देगा, जब तक कि अधिग्रहण पर ऋण को 'मानक' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। यदि ऋणों को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो एनपीए पर लागू जोखिम भार लागू होगा।

सी. आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों को ऋण का अंतरण

79. भारतीय रिज़र्व बैंक (आस्ति पुनर्निमाण कंपनियों) निदेश, 2025 के प्रावधानों के अधीन रहते हुए, सभी दबावग्रस्त ऋण जो अंतरणकर्ताओं की बही के चूक में हैं, उन्हें एआरसी को अंतरण करने की अनुमति है। इसमें अंतरण की तारीख को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत ऋण एक्सपोज़र शामिल होंगे, बशर्ते कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ निरंतर रिपोर्टिंग, निगरानी, शिकायतों को दर्ज करने और ऐसी शिकायतों से संबंधित कार्यवाही के संबंध में अंतरणकर्ता की जिम्मेदारियों को भी एआरसी को अंतरित कर दिया जाएगा। हालांकि, एआरसी को इस तरह के ऋण एक्सपोज़र का अंतरण, अंतरणकर्ता को धोखाधड़ी पर मौजूदा निदेशों के तहत आवश्यक स्टाफ की जवाबदेही तय करने से दोषमुक्त नहीं करता है।

80. विशिष्ट दबावग्रस्त ऋणों के मामले में, जहां यह आवश्यक समझा जाता है, अंतरणकर्ता (ओं) संबंधित दबावग्रस्त ऋण से एआरसी द्वारा प्राप्त किसी भी अधिशेष को सहमत अनुपात में साझा करने के लिए एआरसी के साथ समझौता के लिए स्वतंत्र होंगे। ऐसे मामलों में, अंतरण की शर्तों में ऋण से प्राप्त मूल्य पर एआरसी से अंतरणकर्ता(ओं) को एक रिपोर्ट प्रदान करनी चाहिए। अंतरणकर्ता (ओं) को लाभ के लिए तब तक लेखा नहीं होगा जब तक कि यह कार्यान्वित न हो जाए।

81. जब अंतरण के समय दबावग्रस्त ऋण को एनबीवी से नीचे की कीमत पर एआरसी को अंतरित किया जाता है, तो बैंक उस वर्ष के लिए लाभ और हानि खाते में कमी को नामे करेगा जिसमें अंतरण हुआ है। बैंक को दबावग्रस्त ऋण के अंतरण पर किसी भी कमी को पूरा करने के लिए प्रतिचक्रीय अथवा

